**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 27.10.2024**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः–**

**1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी धोखाधड़ी रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।**

**2– श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में राज्य के नारायणपुर जिले के लोक कलाकार बुटलुराम माथरा का जिक्र करते हुए लोककला के संरक्षण के लिए उनके प्रयासों की सराहना की।**

**3– प्रधानमंत्री, उनतीस अक्टूबर को बिलासपुर जिले के सिम्स का वर्चुअल रूप से लोकार्पण करने के साथ ही केंद्रीय योग संस्थान का शिलान्यास करेंगे।**

**4– बलरामपुर जिले में पुलिस हिरासत में स्वास्थ्यकर्मी की मौत के बाद प्रधान आरक्षक सहित आठ पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच किया गया।**

**<u>मन की बात–01</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के बारे चिंता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने आज आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटली अरेस्ट नहीं किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही धोखाधडी को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।

**तमाम जांच एजेंसियां में तालमेल बनाने के लिए नेशनल साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर की स्थापना की गई है। एजेंसियों की तरफ से ऐसे फ्रॉड करने वाली हजारों वीडियो कॉलिंग आईडी को ब्लॉक किया गया है। लाखों सिम कार्ड मोबाइल फोन और बैंक अकाउंट्स को ब्लॉक किया गया है। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रहे स्कैम से बचने के लिए बहुत जरूरी है हर नागरिक की जागरूकता।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर वर्ग और आयु समूह के व्यक्ति डिजिटल अरेस्ट के शिकार हुए हैं और उन्हें भय के चलते लाखों रुपये गंवाने पड़े हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे फर्जी कॉल आने पर भयभीत न हों। प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों की चर्चा की। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने विश्व एनिमेशन दिवस पर भारत के एनिमेशन को दुनिया में नई क्रांति बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब एनिमेशन ऐसा उद्योग बन गया है, जो अन्य उद्योगों को भी ताकत दे रहा है और वी.आर. टूरिज्म इसका एक उदाहरण है।

**<u>मन की बात–02</u>**

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की सामूहिक चेतना का अंग बन गया है।

**कभी दुनिया में सबसे ज्यादा डिफेंस इक्यूपमेंट खरीदने वाला भारत, आज, 85 देशों को एक्सपोर्ट भी कर रहा है । स्पेस टेक्नालॉजी में भारत, आज, चंद्रमा के साउड पोल पर पहुँचने वाला पहला देश**

**बना है, लद्दाख के हानले में हमने एशिया की सबसे बड़ी 'इमेजिंग टेलीस्कोप मैस'का भी उद्घाटन किया है। ये चार हजार तीन सौ मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। ये 'मेड इन इंडिया है।'**

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम में खरीदारी करते समय वोकल फॉर लोकल के मंत्र को ध्यान में रखने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दो महान नायकों–सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती है।

श्री मोदी ने इस वर्ष इकतीस अक्टूबर को दीवाली के अवसर पर सरदार पटेल की जयंती का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसके कारण रन फॉर यूनिटी इस वर्ष इकतीस अक्टूबर की बजाए उनतीस अक्टूबर को आयोजित होगी। श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में धनतेरस, दीवाली, छठ पूजा और गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं दीं।

**मन की बात–नारायणपुर**

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के देवगांव के लोक कलाकार बुटलूराम माथरा का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने बुटलूराम की कहानी साझा करते हुए बताया कि वे पिछले चार दशकों से अबूझमाड़िया जनजाति की अनूठी लोककला को बचाने और आगे बढ़ाने के लिए सतत प्रयासरत हैं।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए बुटलूराम माथरा ने बताया कि भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाते हुए उन्होंने केन्द्र सरकार के बेटी पढ़ाओ–बेटी बचाओ, हर–घर तिरंगा, मेरा माटी–मेरा देश जैसे अभियान को जन–जन तक पहुंचाने में योगदान दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री द्वारा लोक कला के संरक्षण और संवर्धन में जुटे नारायणपुर के बुटलूराम माथरा की सराहना किए जाने पर प्रसन्नता जताई है।

**प्रधानमंत्री–सिम्स/चिकित्सा संस्थान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनतीस अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिलासपुर जिले के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल–सिम्स का लोकार्पण और केंद्रीय योग तथा प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रायपुर में होने वाले कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे।

**केन्द्र–परामर्श**

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया मंचों पर बम होने की झूठी धमकी पर नियंत्रण लगाने के लिए एक परामर्श जारी किया है। सरकार ने सोशल मीडिया के मध्यस्थों को झूठी धमकियों को तुरंत हटाने और अधिकारियों के साथ सहयोग करने के निर्देश दिए हैं। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा है कि सोशल मीडिया के माध्यमों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम दो हजार, सूचना प्रौद्योगिकी नियम दो हजार इक्कीस और भारतीय न्याय संहिता दो हजार तेईस का पालन अवश्य करना होगा।

**नामांकन–जांच**

रायपुर नगर दक्षिण उपचुनाव के लिए कल अट्ठाईस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इस उपचुनाव में छियालीस उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। उम्मीदवार तीस अक्टूबर तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे। मतदान तेरह नवंबर को होगा। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने सुनील सोनी को और कांग्रेस ने आकाश शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है।

**बलरामपुर–पुलिसकर्मी लाइन अटैच**

बलरामपुर जिले में कथित रूप से पुलिस कस्टडी में एक एनएचएम स्वास्थ्यकर्मी की मौत के बाद पुलिस अधीक्षक ने प्रधान आरक्षक सहित आठ पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है। इससे पहले, इस मामले में बलरामपुर थाना में पदस्थ थाना प्रभारी और एक अन्य आरक्षक को भी निलंबित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलरामपुर की घटना को लेकर कहा है कि इस मामले की जांच की जा रही है।

## नारायणपुर–सुरक्षा कैम्प

नारायणपुर जिले के गारपा गांव मे ''जन सुविधा और सुरक्षा कैम्प'' स्थापित किया गया है। पुलिस कैम्प के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार और एसडीएम वासु जैन ने ग्रामीणों और स्कूली बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और जल्द जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। साथ ही गांव के पुराने स्कूल, ग्राम पंचायत भवन, अस्पताल और अन्य शासकीय सभी भवनो को भी जल्द दुरूस्त कराने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस कैम्प के खुलने से क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान के क्रियान्वयन के साथ विकास कार्यो में भी मदद मिलेगी।

## दीवाली स्पेशल ट्रेन

दीवाली के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को कम करने और यात्रियों की सुविधा के लिए बिलासपुर–लोकमान्य तिलक टर्मिनल के बीच एक फेरे के लिए दीवाली स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। यह ट्रेन बिलासपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए उनतीस अक्टूबर को रवाना होगी। इसी प्रकार, तीस अक्टूबर को यह ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनल से बिलासपुर के लिए आएगी।

## मौसम

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा तटीय ओडिशा के ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से आ रही नमी के कारण प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से दक्षिण छत्तीसगढ रहने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार–**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल अट्ठाईस अक्टूबर को मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

– रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में बीते गुरूवार को दो हजार दो सौ सोलह बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया।

– बलरामपुर–राजपुर नगर पंचायत क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार में ट्रक की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य महिला घायल हो गई हैं।

– सक्ती जिले के पिसौद गांव में तेईस अक्टूबर को उन्नीस स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक वैन सोन नदी में गिर गई थी। इन बच्चों को बचाने वाले चार युवकों का आज हसौद थाना पुलिस ने सम्मान किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>